गणगौर महोत्सव का आयोजन

चिड़ावा, (निसं)। सेवन ज्वेल्स पब्लिक स्कूल में मॉर्निंग मस्ती ग्रुप के सौजन्य से गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रुप में महिलाओ ने ईसर व गणगौर की

■ **मॉर्निंग ग्रुप के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में युगल जोड़ियों ने नृत्य प्रस्तुत किए गए**

वेशभूषा पहनी। इस दौरान गणगौर की विभिन्न पकवानों से पूजा अर्चना की गई व युगल जोड़ियों द्वारा परंपरागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस दौरान महिलाओं ने तरह- तरह के खेल भी खेले। कार्यक्रम में डॉ. कुसुमलता शर्मा, सुलोचना शर्मा नर्स, सरिता सिंघल डायरेक्टर सेवन ज्वेल्स पब्लिक स्कूल, रेखा पांडे डायरेक्टर विंटरठाीन स्कूल, नीतू खंडेलिया, सुनीता खंडेलिया, अनु चौधरी, रेखा चौधरी, सविता मंडेलिया, नीतू शर्मा, संध्या बाछुका, सोना, संगीता टिबड़ेवाल, सुमन सोनी, मीना सोनी, सुधा, सुनीता, सुनीता मोदी सहित अन्य मौजूद रही।

'राइट टू हेल्थ बिल' के विरोध में विरोध-प्रदर्शन किया

प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने किया विरोध

चूरू, (कासं)। डी बी हॉस्पिटल परिसर में प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित आर टी एच बिल के विरोध में विरोध में प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ महेश शर्मा ने बताया की स्वास्थ्य के अधिकार का जो बिल सरकार लाने जा रही है। इसकी ड्राफ्टिंग पता नहीं किस व्यक्ति ने की है। यह प्रदेश की जनता के लिए एवं चिकित्सा परिवार के लिए वैमनस्य स्थापित करने वाली होगी क्योंकि बिल में कोई भी चीज पूर्ण रूप से परिभाषित नहीं है एवं चिकित्सकों के हितों का अधिकारों का कोई ध्यान नहीं रखा गया मैं कोई अपील ना कोई दलील इस तरह का यह बिल है इमरजेंसी के नाम पर क्या चीज इमरजेंसी रहेगी। यह परिभाषित नहीं हैं। इमरजेंसी में कौन चिकित्सक किस बीमारी के की

■ **'यह बिल प्राइवेट हॉस्पिटल एवं निजी चिकित्सकों के अधिकारों का हनन करने वाला बिल है'**

चिकित्सा करेगा क्या उसका इंफ्रास्ट्रक्चर है यह परिभाषित नहीं है क्योंकि भारतीय संविधान एवं नेशनल मेडिकल काउंसिल की गाइडलाइन के अनुसार यदि किसी विशेषज्ञ का किसी विशेष विभाग में महारथ हासिल है एवं अन्य बीमारी का मरिज यदि आता है तो वह इलाज करने के लिए बाध्य नहीं है क्योंकि मेडिकल प्रोफेशन मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा हुआ विभाग हैं। उसके हिसाब से मैं यह समझता हूं की ऐसा कोई बिरला ही चिकित्सा होगा जो इमरजेंसी में यदि कोई मरीज है उसका इलाज ना करें। यहां पर है यह उल्लेखनीय है की जिला स्वास्थ्य प्राधिकरण में एवं राज्य प्राधिकरण में जो इन्होंने प्रारूप तैयार किया है एवं सदस्यों का गठन किया है वह कोई भी विषय विशेषज्ञ नहीं है। इन परिस्थितियों में किसी चिकित्सक ने क्या गलती की यह परिभाषित करने वाला कोई नहीं है। मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री से निवेदन है कि आप पुनः इस बिल पर विचार करें।

डॉ बीएल नायक अध्यक्ष आईएम, ने बोलते हुए कहा कि यह बिल प्राईवेट हॉस्पिटल एवम निजी चिकित्सकों के अधिकारों का हनन करने वाला बिल है क्योंकि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी यह सब सरकारों के काम होते हैं। की किसी निजी संस्था अथवा निजी व्यक्ति का काम होता है क्योंकि यह बिल निजी चिकित्सकों को जबरन इलाज हेतु बाध्य कर रहा है एवं चिकित्सा जैसे दिल से जुड़े हुए कार्य के लिए बाध्य करना करना जनमानस के लिए ठीक नहीं है। किसी क्रम में डॉक्टर बी के चौधरी संरक्षक प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन ने कहा की इतने सारे कानून चिकित्सा व्यवसाय करने वाले चिकित्सा सेवा करने वाले विभाग पर है लगा दिए गए हैं एवं सरकार की तरफ से इन छोटे हॉस्पिटल को कोई भी सरकार द्वारा सुविधा प्राप्त नहीं है। इन परिस्थितियों में फ्री में इलाज करना वैधानिक एवं न्याय संगत नही है एवं समाज के हित में भी नहीं है क्योंकि चिकित्सा सेवा हो या कोई भी निजी सेवा हो वह तभी जिंदा रहेगी जब तक समाज के लोग एवं सरकारें उनका सहयोग करेगी। इस अवसर पर डॉ एफएच गौरी, डॉ राकेश भार्गव, डॉ दीपक सिंह, डॉ पवन गोयल, डॉ जेपी माहिच, डॉ दीपक शर्मा, डॉ शंकर सिंह गोड़, डॉ राहुल कस्वां, डॉ संदीप अग्रवाल, डॉ सीताराम, डॉ अभिषेक आर्य, रमजान खान प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के सदस्यों सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

हमले से लोगों में आक्रोश व्याप्त

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)। कस्बे के चौपड़ बाजार में हाथ ठेले हटाने के मामले को लेकर दुकानदार आलोक पाराशर पर किए गए जानलेवा हमले से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग व युवाओं सहित कस्बेवासियों ने शहर पुलिस चौकी पहुंचकर विशाल प्रदर्शन किया एवं आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। सर्व समाज की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया कि नगर के मुख्य आस्था के केंद्र प्राचीन शिवालय मंदिर के सामने अवैध रूप से ठेला लगाने को लेकर हुए मामूली विवाद में ठेले वाले ने दुकानदार आलोक पाराशर पर जानलेवा हमला बोल दिया, जिसको यहां से उपचार के बाद गंभीर हालत में सीकर रेफर किया गया जो वर्तमान में भी सीरियस स्थिति में है जबकि हमला करने वाले ने ही पुलिस थाने में आलोक पर लूट और डकैती जैसे बेबुनियाद आरोप में मुकदमा भी दर्ज करा दिया। इसी को लेकर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रशासन से निष्पक्षता बरतने का मांग का पत्र सौंपा। ज्ञापन के पहले विशाल संख्या में लोगों ने प्रदर्शन के बाद कस्बे की चौकी में ही सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ कर प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की।

सार-समाचार

दस साल से फरार आरोपी को पकड़ा

चिड़ावा, (निसं)। पुलिस थाना चिड़ावा की ओर से वांछित अपराधियों की धरपकड़ में लगातार कार्रवाई करते हुए एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट के प्रकरण में 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी मो. हुसैन को गिरफ्तार किया है। विशेष अभियान के तहत एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, आरपीएस सुरेश शर्मा के दिशा निर्देशन में व थानाधिकारी इन्द्र प्रकाश के निकट सुपरविजन में अलग- अलग टीमों का गठन किया गया। जिस पर गठित टीम ने 10 साल से एक्सीडेंट के मामले मे फरार चले रहे स्थाई वारंटी मौ0 हुसैन को झुंझुनूं से गिरफ्तार किया।

चूरू में बदली मौसम की फिजा

चूरू, (कासं)। चूरू में पिछले दो दिनों से बादलों की आवाजाही एवं हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम की फिजा बदली हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर शनिवार को अधिकतम 30.7 व न्यूनतम 17.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बादलों की आवाजाही होने एवं ठ्ठंडी हवाओं के चलने से गर्मी का असर काफी कम हो गया है। पिछले दिनों एकाएक बढ़े तापमान में गिराव्ट आने से रात को बारह बजे बाद मौसम ठंडा हो जाता है जिसका असर सुबह तक बना रहता है। इसी के साथ मच्छरों का प्रकोप भी शुरु हो गया है। जिससे रात को मच्छरों से बचाव के लिए पंखे चलने लगे हैं। इसी के साथ बदलते मौसम में मौसमी बीमारियां भी पांव पसारने लगी है।

क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष आज चूरू में

चूरू, (कासं)। राजस्थान राजय क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया रविवार को चूरू आयेंगी। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि डॉ. पूनिया आज सुबह नौ बजे कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंचेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट और राजगढ़ में इनडॉर हॉल आदि घोषणाओं के लिए जिले के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की ओर से उनका स्वागत किया जायेगा।

हजारों की संख्या में जयपुर ब्राह्मण महापंचायत में हिस्सा लेंगे विप्र

झुंझुनूं, (निसं)। आज जयपुर विद्याधर नगर में होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में झुंझुनूं जिले से हजारों ब्राह्मण भाग लेने जयपुर जाएंगे। जानकारी देते हुए ब्राह्मण महापंचायत के झुंझुनूं जिला संयोजक कमल कांत शर्मा ने बताया कि जिले की प्रत्येक विधानसभा से सैकडों की संख्या में बसों व छोटे वाहनों में सवार होकर हजारों की संख्या में विप्रजन 19 मार्च को प्रातः 7 बजे जयपुर के लिए कूच करेंगे।

महापंचायत को लेकर जिले के समस्त ग्राम ढाणी में विप्र जनों की तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की गई जिसमें विप्र जनों से बडी संख्या में जयपुर चलने का आग्रह किया गया है। शर्मा ने बताया कि जिले की सातों विधानसभा से जाने वाले विप्र जन अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के एक स्थान पर एकत्रित होकर वाहनों के माध्यम से

■ **प्रत्येक ब्राह्मण को अपना एक दिन अपने समाज के लिए देना चाहिएः कमल कांत शर्मा**

जयपुर के लिए रवाना होंगे। ब्राह्मण महापंचायत को लेकर एक बैठक फौज का मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पवन पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समस्त विप्र जनों द्वारा 19 मार्च को जयपुर जाने वाले वाहनों के स्थल तय किए गए। इस मौके पर खांडल ब्राहमण महासभा जिलाध्यक्ष विकास शर्मा लोटिया ने कहा कि ब्राह्मण महापंचायत एक ऐतिहासिक कार्यक्रम रहेगा जिसमें हजारों की संख्या में झुंझुनूं जिले से विप्र जन उत्साह के साथ भाग लेने जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह ब्राह्मण एकता का अनुपम संगम होगा। पारीक समाज जिलाध्यक्ष संजय पारीक ने कहा कि ब्राह्मण समाज की दशा व दिशा पर चिंतन करने के लिए 19 मार्च को जिले से विप्र जन जयपुर ब्राह्मण महापंचायत में भाग लेने जाएंगे, उसके लिए घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को निमंत्रण दिया जा रहा है। दाधीच समाज के जिला महामंत्री गौरव शर्मा ने विप्र जनों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्राह्मण को अपना एक दिन अपने समाज के लिए देना चाहिए।

ब्राह्मण महापंचायत में भाग लेने हेतु कोई भी विप्र पीछे नहीं रहेगा। राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित ने विप्रजनों का आ ान करते हुए कहा कि ब्राह्मण अनुशासन व संस्कार का दूसरा नाम है। झुंझुनूं जिले से बडी संख्या में विभिन्न स्थानों से ब्राह्मण शांतिपूर्ण ढंग से जयपुर ब्राह्मण महापंचायत में भाग लेने जाएंगे। जिला संयोजक कमल कांत शर्मा ने सभी विप्र जनों का आभार जताते हुए कहा कि ब्राह्मण महापंचायत हेतु विप्र जनों में भारी उत्साह है। झुंझुनूं विधानसभा के सभी विप्रजन अपने गंतव्य स्थान से वाहनों द्वारा रवाना होकर प्रातः 7 बजे झुंझुनूं मुख्यालय पहुंचेंगे, यहां से प्रातः 7.30 बजे सभी वाहन एक साथ जयपुर के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार अन्य विधानसभाओं के भी स्थल तय किए गए हैं। इस मौके पर प्रदीप शर्मा अलसीसर, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, रामगोपाल शर्मा बीएमएस, रामगोपाल महमिया, पवन पांडे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित जोशी, राकेश सहल, अनिल जोशी, विकास पुरोहित, महेश जोशी, नरेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, उमेश शर्मा, लीलाधर पुरोहित, हरी किशन शुक्ला, गोपाल, योगेश, भरत, पंकज बावलिया, सौरभ जोशी सहित बडी संख्या में विप्र जन उपस्थित रहे।

अभिनन्दन एवं आभार समारोह आयोजित

चूरू, (कासं)। वर्तमान वैश्विक युग में समाज और देश में अध्यात्म एवं नैतिकता की आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति युवाओं के सर्वांगीण विकास से ही सम्भव हो सकती है। ये विचार समारोह के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने रखे।

उन्होंने शनिवार को नगर के औझा आदर्श विद्या मन्दिर में राजस्थान शैक्षिक क्रांति विचार मंच, श्री डूंगरगढ़ द्वारा आयोजित अभिनन्दन एवं आभार समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि समग्र विकास में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण स्थान है और इस दिशा में मंच के कार्य प्रशंसनीय हैं। सरस्वती पूजन से शुरू हुए समारोह में मंच के संयोजक डॉ. राधाकिशन सोनी ने मालचंद भंवरलाल शर्मा सेवा निधि, सरदारशहर के सौजन्य से कोविड काल एवं पश्चातवर्ती अवधि में विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल विकास हेतु आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य किशनलाल सैनी ने कहा कि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने से विद्यार्थियों के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है।

समारोह में विगत छह महीनों में मंच द्वारा आयोजित 6 प्रकार की प्रतियोगिताओं में विजेता रहे चिरायु आत्रेय, शर्मिला, खुशबू चौहान, तर्जनी सोनी, तेजस्विता रक्षक, पूजा कंवर, लक्ष्मी सैनी, ओजस्विता तंवर, हर्षिता रक्षक , सुमैया बानो, प्रीति प्रजापत, सिमरन पंवार, खुशी हारित, मोहित जोशी, गुंजन शेखवात, आदित्य भामी सहित 30 विद्यार्थियों को अणची देवी सोनी स्मृति सम्मान तथा प्रतियोगिता आयोजन संचालन में सहयोग के लिए प्रधानाचार्य विक्रम सिंह नाथावत, मंजू महर्षि, राजेश शर्मा, शंकर लाल सैनी, सुमन वशिष्ठ, मंजुलता तंवर, भंवरलाल प्रजापत, रामावतार सैनी, सुनीता शर्मा, बाबूलाल प्रजापत, हितेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश सोनी एवं पत्रकार जितेश सोनी को इमी देवी सोनी स्मृति सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यालय नगरपालिका विद्या विहार (पिलानी)

क्रमांकः-न.पा.वि.वि./4279 दिनांक 17.03.2023

आपत्ति विज्ञप्ति

निम्न आवेदनकर्ताओं ने नगरपालिका विद्या विहार क्षेत्र के समस्त वार्डों/कॉलोनी/मौहल्लों में अपनी सम्पति पट्टे/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका विद्या विहार की वैबसाईट एवं स्वायत शासन विभाग की वैबसाईट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://sahar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका विद्या विहार कार्यालय में 07 दिवस में प्रस्तु करें।

(तौफिक अहमद)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका विद्या विहार, पिलानी

कार्यालय ग्राम पंचायत चैनपुरा छोटा पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)

क्रमांकः-ग्रा.पं./चै.छो./ई.निविदा/2022-23/ दिनांक 14.03.2023

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2022/23

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेवसाईट www.eproc.raj.gov.in पर ई निविदा सं. 03 दिनांक 15.03.2023 सांय 5 पी.एम. से कार्यों हेतु ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ई-निविदा UBN. ZCR2223WSOB01743

सरपंच
ग्राम पंचायत चैनपुरा छोटा
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)

दुनिया के सभी विकसित देशों की तरक्की में राजस्थानियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ.पूनियां

दुबई/जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने दुबई के एक दिवसीय प्रवास पर विभिन्न प्रवासी सम्मेलनों में राजस्थानियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दुबई में इंडियन पीपुल्स फोरम, 'राजस्थान बिजनेस एवं प्रोफेशनल ग्रुप' के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और प्रवासी भारतीय कुशल श्रमिकों से संवाद किया।

दुबई के प्रवासी राजस्थानियों ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से भारत की साख दुबई से लेकर पूरी दुनिया में बढ़ी है, जिसका हमें उद्योगों और संस्कृति की मजबूती से लेकर मान-सम्मान में बड़ा लाभ मिला है और विदेशों में काम करने वाले भारतीय कुशल श्रमिकों के वेतन, सुरक्षा, अनुकूल वातावरण और स्वाभिमान को लेकर भी सुविधाओं में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विस्तार हुआ है, जो सभी भारतीयों के लिये गर्व की बात है।

पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के किसी भी देश में जाते हैं तो वहां प्रवासी भारतीयों से संवाद को प्राथमिकता देते हैं। जिससे उनके हाल-चाल जानते हैं और उनसे संबंधित कार्यों को केन्द्र की मोदी सरकार प्राथमिकता से अमल में लाती है और यह साबित करता है कि मोदी सरकार प्रवासियों के हर सुख-दुख में उनके साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़ी रहती है, चाहे कोरोनाकाल में लोगों की वतन वापसी की बात हो, रूस-यूक्रेन युद्ध में लोगों की स्वदेश वापसी की बात हो, हर परिस्थिति में केन्द्र की मोदी सरकार भारतीय और प्रवासी भारतीयों के हितों के लिये काम करती है।

दुबई में आयोजित हुये प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ सेल्फी ली।

दुनिया के सभी विकसित देशों की तरक्की में भारतीयों और राजस्थानियों का महत्वपूर्ण योगदान है और साथ ही प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि की तरक्की के साथ-साथ जन्मभूमि के विकास में भी निरंतर योगदान देते हैं, यह हमारी जड़ों के प्रति हमारा जुड़ाव को मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि, राजस्थान में 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर हर प्रवासी के साथ भाजपा की सरकार मजबूती से हमेशा खड़ी रहेगी, विभिन्न देशों में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में उद्योग लगाने के लिये नियमों का सरलीकरण किया जाएगा, जो वर्तमान कांग्रेस सरकार नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन में प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों से ना केवल उद्यमी उद्योग लगाने से पीछे हट रहे हैं, बल्कि तमाम उद्योग पलायन भी कर गये और पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई है।

भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रवासियों को जोड़ना व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के आव्हान पर पहली बार देश विदेश के कोने-कोने तक रह रहे राजस्थानी प्रवासी संगठित हो रहे हैं।

■ **'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से भारत की साख दुबई से लेकर पूरी दुनिया में बढ़ी'**

इंटरनेशनल सिंधी दिवस पर इंडियन कांस्युलेट ऑडिटोरियम में ग्लोबल बिजनेस फेडरेशन व सिंधी समाज दुबई द्धारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीटो) की दुबई शाखा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये।

प्रवासी प्रकोष्ठ के सह संयोजक तेजराज सोलंकी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश विजय, दुबई में आशीष गर्ग, अविनाश जागेटिया, सुनील जागेटिया, पंकज जैन, जितेन्द्र वैध, चन्द्रशेखर भाटिया, योगेश विजय, राधेश्याम सुथार, गणेश सुथार, केसर कोठारी, आलोक भार्गव, राकेश बोहरा, जी.आर.मेहता, नवीन शर्मा व प्रवीण मेहता सहित दर्जनों प्रवासी बंधुओं ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सतीश पूनियां कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, नई दिल्ली, तेलंगाना इत्यादि राज्यों में मिशन 2023 और 2024 को लेकर प्रवासी राजस्थानी सम्मेलनों में शामिल हो चुके हैं।

होली स्नेह मिलन समारोह

जयपुर। कांग्रेस नेता विक्रम सिंह शेखावत की ओर से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनो का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील,युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारीक, विप्र बोर्ड के उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, पीसीसी के पूर्व महासचिव गिरिराज गर्ग सहित क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेसजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, झुंझुनूं

Tel. No.01592-239369, 232412
Email-Kums.jhunjhu@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-1002-1011 **निविदा सूचना** दिनांकः-17.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी यार्ड में निर्मित कियोस्क (कैंटीन) को वर्ष 2023-24 के लिए मासिक किराये पर पर आवंटन किये जाने हेतु निम्नानुसार निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	विवरण	अनुमानित लागत (लाख रूपयों में)	निविदा फार्म शुल्क	धरोहर राशि	निविदा फार्म प्राप्त करने की दिनांक व समय	निविदा फार्म जमा करने की दिनांक व समय	निविदा फार्म खोलने की दिनांक व समय
1	क्योस्क ठेका (निलामी से) फल सब्जी मण्डी	12500 रू. आरक्षित राशि प्रति माह	200/-	3000	05.04.2023 को 11 AM तक तक	05.04.2023 को 1 PM तक	खुली नीलामी दिनांक 05.04.2023 को दोपहर 2 बजे कार्यालय सभा भवन में की जावेगी
2	क्योस्क ठेका (निलामी से) फल सब्जी मण्डी	4510 आरक्षित राशि प्रति माह	200/-	1100			

निविदा के साथ धरोहर राशि नकद/ड्राफ्ट जमा करानी होगी अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में अवलोकन की जा सकती है। निविदा का अवलोकन www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी किया जा सकता है। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति का होगा।

प्रशासक सचिव

एग्ज़ीबिशन में कलाकारों की अनूठी शैली, तकनीक और प्रेरणा का अद्भुत प्रदर्शन

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर में मेयो कॉलेज एलुमनाई आर्टिस्ट्स (एमएए) द्वारा होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में आयोजित आर्ट एग्जीबिशन को लेकर जयपुर के कला प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। एग्जीबिशन में मेयो के पूर्व छात्रों सहित जयपुर के कला प्रेमी शिरकत रहे हैं। एग्जीबिशन के आयोजक मेयो के पूर्व छात्र दुष्यंत सिंह नायला और हेमेन्द्र सिंह वेदसा ने बताया कि एग्जीबिशन को लेकर काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस दौरान कई कलाकारों की पेंटिग्स की बिक्री भी हुई है। एग्जीबिशन में 24 आर्टिस्ट्स की वॉटर कलर, पेन एंड इंक, एक्रेलिक ऑन कैनवास, एम्ब्रोईडरी ऑन कैनवास, चारकोल, मिक्सड मीडिया, ऑयल सहित विभिन्न शैलियों में 125 पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया जा रहा है और यह एग्जीबिशन 21 मार्च तक लगाई जाएगी। एग्जीबिशन का आयोजन मेयो कॉलेज के पूर्व अध्यापक, स्वर्गीय रमेश माथुर की स्मृति में किया गया है।

हेमेन्द्र सिंह वेदसा ने बताया कि इस एग्जीबिशन में खास यह है कि इसमें पिता-पुत्र की जोड़ियों की कला का प्रदर्शन एक ही मंच पर हो रहा है। उनके पुत्र करणी सिंह वेदसा ने भी अपना आर्टवर्क एग्जीबिशन में शोकेस किया है। वहीं दुष्यंत सिंह नायला और उनके पुत्र त्रिविक्रम सिंह नायला की पेंटिंग्स भी एग्जीबिशन में प्रदर्शित हो रही हैं। इसी प्रकार स्वर्गीय रमेश माथुर और उनकी पुत्री राखी शर्मा माथुर की पेंटिंग्स भी इस एग्जीबिशन का हिस्सा हैं। वेदसा ने आगे बताया कि इस एग्जीबिशन में सबसे वरिष्ठ कलाकार, 1961 बैच के स्वर्गीय रमेश माथुर और सबसे युवा कलाकार 2022 बैच के मालदेव सिंह हैं। एग्जीबिशन में कलाकार नताशा बिश्नोई की पेंटिंग्स प्रकृति और वन्य जीवन से प्रेरित हैं; डूडल आर्टिस्ट, हर्षि अग्रवाल का पेन और इंक के माध्यम से तैयार डूडल आर्टवर्क जानवरों के प्रति प्रेम को दर्शाता है, तो वहीं एग्जीबिशन में कलाकार हेमेंद्र सिंह वेदसा की डूंगरपुर/मेवाड़ शैली में चारकोल और ग्रेफाइट के माध्यम से बनाई गई मिनिएचर पेंटिंग्स; अपने किचन गार्डन से प्रेरित होकर प्रकृति के विवरणों को दर्शाती कलाकार रोहिणी सिंह की पेंटिंग्स और विधिता सिंह की ऑटोमोटिव विषय पर आधारित पेंटिंग्स शामिल हैं। इसी प्रकार कलाकार उज्जवला भादू की पेंटिंग्स में वुमेन सीरीज और नारीवाद का सुंदर चित्रण है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सूरजगढ़ शाखा, चिड़ावा रोड़, सूरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान-333029
फोन नं.: 8875019912, ई-मेल: surajg@bankofbaroda.co.in

अनुबंध-क अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'', ''जितनी भी उपलब्ध है'' और ''दायित्व रहित'' के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा,** प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ता के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/ वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
मैसर्स आशिष इंडस्ट्रीज वार्ड नं. 4, जीवन मंडी, सूरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान - 333029 प्रोपराईटर एवं जमानतदार- श्री आशिष गुप्ता पुत्र स्व. श्री रोहिताश कुमार वार्ड नं. 4, जीवन मंडी, सूरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान - 333029 जमानतदार- श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री नन्दकिशोर, श्री अमित कुमार पुत्र स्व. श्री रोहिताश कुमार एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री रेखा राम वार्ड नं. 4, जीवन मंडी, सूरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान - 333029	श्री आशिष गुप्ता पुत्र स्व. श्री रोहिताश कुमार, श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री रेखा राम, श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री नन्दकिशोर एवं श्री अमित कुमार पुत्र स्व. श्री रोहिताश कुमार के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति पट्टा नं. 105 जो वार्ड नं. 4, सूरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 363 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तरः रामावतार बिलोतिया, दक्षिणः मुंशीराम यादव, पूर्वः मुख्य सड़क, पश्चिमः रास्ता	रू. 36,72,388.68 दिनांक 10.09.2022 को बकाया (दिनांक 10.09.2022 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।	27.04.2023 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य- रूपये 33,00,000/- धरोहर राशि- रूपये 3,30,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/-	प्रलक्षित	20.04.2023 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक

अन्य ऋण भारः ज्ञात नहीं

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01596-238100, मोबाईल नं. 8875019912 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांकः 17.03.2023
स्थानः सूरजगढ़ (झुंझुनू)

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी